980514 - C1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - IX
कक्षा - IX

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **13** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

खण्ड 'क'

1. अपठित गद्यांश **5**

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में मुंशी प्रेमचंद उपन्यास सम्राट के नाम से प्रसिद्ध हैं। अपने जीवन की अंतिम यात्रा उन्होंने मात्र 56 वर्ष की आयु में ही पूर्ण कर ली थी तथापि उनकी एक-एक रचना उन्हें युगों-युगों तक जीवंत रखने में सक्षम है। 'गोदान' के संदर्भ में तो यहाँ तक कहा गया है कि यदि प्रेमचंद के सारे ग्रंथों को जला दिया जाए और मात्र गोदान को बचाकर रख लिया जाए वही उन्हें हमेशा-हमेशा के लिए जीवित रखने को पर्याप्त है। प्रेमचंद का जीवन भले ही अभावों में बीता हो, किंतु वे धन का ग़लत ढंग से उपार्जन करने से निर्धन रहना श्रेयस्कर समझते थे। एक बार धन कमाने की इच्छा से वे मुम्बई भी गए किंतु वहाँ का रंग-ढंग उन्हें श्रेष्ठ साहित्यकार के प्रतिकूल ही लगा। प्रेमचंद ने अपने उपन्यास एवं कहानियों में किसान की दयनीय हालत, उपेक्षित वर्ग की समस्याएँ, बेमेल विवाह की समस्या को उजागर करके समाधान भी प्रस्तुत किए हैं। अंग्रेज़ी शासन काल में उनकी रचनाओं ने अस्त्र का कार्य किया, जिससे अंग्रेज़ों की नींद तक उड़ गई थी। आदर्श एवं यथार्थ का इतना सुंदर समन्वय शायद कहीं मिलेगा जितना कि प्रेमचंद के उपन्यासों में मिलता है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है? **1**

(क) उपन्यास सम्राट - प्रेमचंद

(ख) अंग्रेज़ी शासन

(ग) अभाव भरा जीवन

(घ) नींद

(ii) प्रेमचंद ने अपने जीवन की कितनी आयु पूरी की? **1**

(क) 50 वर्ष

(ख) 56 वर्ष

(ग) 66 वर्ष

(घ) 26 वर्ष

(iii) प्रेमचंद के उपन्यासों की विशेषता है- **1**

(क) समस्या के साथ समाधान प्रस्तुत करना।

(ख) किसान वर्ग को उपन्यास का केंद्र बिंदु बनाना।

(ग) श्रेष्ठ साहित्य की श्रेणी में गिना जाना।

(घ) उपर्युक्त तीनों

(iv) मुम्बई जाकर वापस लौटना प्रेमचंद की किस विशेषता की ओर संकेत करता है? **1**

(क) धन उपार्जन की लालसा को

(ख) जीवन मूल्यों को ताक पर रखकर धन कमाने से अच्छा निर्धन रहने की प्रवृत्ति को

(ग) दोनों

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) प्रेमचंद का सर्वश्रेष्ठ कोटि का उपन्यास है– 1

(क) निर्मला

(ख) गबन

(ग) गोदान

(घ) रंगभूमि

2. अपठित गद्यांश 5

अनुशासन के अभाव में समाज में अराजकता और अशांति का साम्राज्य होता है। वन्य पशुओं में अनुशासन का कोई महत्त्व नहीं है, इसी कारण उनका जीवन अरक्षित, आतंकित एवं अव्यवस्थित होता है। सभ्यता एवं संस्कृति के विकास के साथ-साथ अनुशासन का महत्त्व भी बढ़ा है। आज के वैज्ञानिक युग में तो अनुशासन के बिना मनुष्य का कार्य भी नहीं हो सकता। कुछ व्यक्ति सोचते हैं कि अब मानव सभ्य एवं शिक्षित हो गया है। उस पर किसी प्रकार के नियमों का बंधन नहीं होना चाहिए। यदि व्यक्ति को यह अधिकार दे दिया जाए तो चारों तरफ वन्य जीव जैसी अव्यवस्था फैल जाएगी। मानव-मानव है देवता नहीं। उसमें अच्छी और बुरी दोनों ही प्रवृत्तियाँ हैं। मानव सभ्य तभी तक है जब तक वह अच्छी प्रवृत्ति की आज्ञा के अनुसार कार्य करे। ऐसा करने के लिए अनुशासन की आवश्यकता होगी ही।

(i) अनुशासन के बिना क्या हो सकता है– 1

(क) अव्यवस्था

(ख) आतंक का वातावरण

(ग) वन्य जीवों जैसी अराजकता

(घ) तीनों

(ii) वन्य जीव अपने को अरक्षित क्यों महसूस करते हैं? 1

(क) अनुशासन के अभाव के कारण

(ख) कमज़ोर होने के कारण

(ग) रहने के स्थान पर कोई सुरक्षा न होने के कारण

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) मनुष्य को स्वतंत्र कर दिया जाए तो क्या संभावना हो सकती है– 1

(क) कुप्रवृत्तियाँ व अव्यवस्था का जन्म होगा।

(ख) चारों ओर मनुष्य आतंकित, अरक्षित एवं परेशान रहेगा।

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) मानव के विकास के लिए सबसे पहले आवश्यक है– **1**

(क) धन

(ख) साधन

(ग) अनुशासन

(घ) स्वछंदता

(v) मानव के विकास में बाधा क्या है? **1**

(क) अच्छी प्रवृत्तियों की आज्ञा का पालन करना

(ख) बुरी प्रवृत्तियों के अनुरूप कार्य करना

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

3. अपठित काव्यांश **5**

भूल गए उस दिन को जब हम, नहीं स्वतंत्र रह पाए थे।
इसी स्वतंत्रता को लेने को, कितने कष्ट उठाए थे।
सुनो–सुनो हे भारत वासी। कितनी करूण कहानी है।
वन–वन डोले महाराणा भी, उनकी यह निशानी है।
अपनी मातृभूमि को वे भी ऊँचा करना चाहते थे,
इसीलिए तो महाराणा भी दुःख नहीं मानते थे।
अंग्रेज़ों से पीड़ित होकर जब सब जन चिल्लाए थे।
इसी स्वतंत्रता को लेने को कितने कष्ट उठाए थे।
सुभाष, नेहरू, गांधी नेता ने सबका उत्साह बढ़ाया था,
दुनिया को दिखालाया था और उनको पाठ सिखाया था।
सन सैंतालीस में ले आज़ादी, भारत को स्वतंत्र किया,
26 जनवरी 1950 में फिर इसको गणतंत्र किया ।
भाग गए अंग्रेज़ यहाँ से छोड़ हमारा प्यारा देश
इसी स्वतंत्रता को लेने को, कितने कष्ट उठाए थे।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए–

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक है– **1**

(क) अंग्रेज़ (ख) भारत की स्वतंत्रता

(ग) गांधी जी (घ) नेहरू जी

(ii) 26 जनवरी 1950 को क्या हुआ? **1**

(क) भारत स्वतंत्र हुआ (ख) भारत गणतंत्र बना

(ग) अंग्रेज़ों ने भारत छोड़ा (घ) भारत वीर देश कहलाया

(iii) वन–वन महाराणा क्यों भटके? **1**

(क) आज़ादी के लिए (ख) रास्ता ढूंढने के लिए

(ग) कष्ट झेलने के लिए (घ) उन्हें वनवास हुआ था

(iv) सब लोग क्यों चिल्लाए थे? **1**

(क) खुशी के कारण

(ख) अंग्रेज़ों के अत्याचारों से पीड़ित होकर

(ग) आज़ादी न मिलने के कारण

(घ) खाना न मिलने के कारण

(v) 'स्वतंत्र' का शब्दिक अर्थ होगा : **1**

(क) अपने पर अपना शासन (ख) अपने पर दूसरे शासन

(ग) दूसरे का अपने पर शासन (घ) किसी का शासन किसी पर नहीं

4. अपठित काव्यांश **5**

आदर्शों से आदर्श भिड़े, प्रज्ञा–प्रज्ञा पर टूट रही
प्रतिमा–प्रतिमा से लड़ती है, धरती की किस्मतें फूट रही
आवर्तों का है विषम जाल, निरूपाय बुद्धि चकराती है
विज्ञान–यान पर चढ़ी हुई, सभ्यता डूबने जाती है
जब–जब मस्तिष्क जयी होता संसार ज्ञान से चलता है
शीतल की है राह हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल
लोहे के पेड़ हरे होंगे तू गान प्रेम का गाता चल।
सूरज है जग का बुझा–बुझा, चंद्रमा मलिन सा लगता है
सबकी कोशिश बेकार हुई, आलोक न इसका जगता है

इन मलिन ग्रहों के प्राणों में, कोई नवीन आभार भर दे
जादूगर ! अपने दर्पण पर घिसकर इनको ताज़ा कर दे
दीपक के जलते प्राण, दीवाली तभी सुहावन होती है
रोशनी जगत को देने को अपनी अस्थियाँ जलाता चल ।
लोहे के पेड़ हरे होंगे तू गान प्रेम का गाता चल।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए –

(i) 'लोहे के पेड़ हरे होंगे' से आशय है – **1**

(क) शोषकों का हृदय एक दिन अवश्य पिघलेगा।

(ख) बारिश होने पर पेड़ हरे हो जाएँगे।

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

(ii) 'शीतल की राह' किसे कहा गया है? **1**

(क) मस्तिष्क को

(ख) हृदय को

(ग) लोहे को

(घ) पेड़ को

(iii) 'आदर्शों से आदर्श भिड़ने' से आशय है – **1**

(क) प्रत्येक व्यक्ति के सिद्धांतों का दूसरों के सिद्धांतों से मेल न खाना

(ख) भाई–भाई का लड़ना

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

(iv) कवि चाहता है कि– **1**

(क) हमें आशावादी दृष्टिकोण रखना चाहिए ।

(ख) हमें भाग्य पर सब कुछ छोड़ देना चाहिए ।

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

(v) मैले ग्रहों को नवीन किया जा सकता है– **1**

(क) जादुई चमत्कार से

(ख) गरीबों को समझाकर

(ग) कठोर हृदय वालों की उपेक्षा करके

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

खण्ड 'ख'

5. (i) 'काठमांडू' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है- 1

(क) क् + आ + ठ् + अ + म् + आ + न् + ड् + ऊ

(ख) क् + आ + ठ् + अ + म् + आ + ण् + ड् + ऊ

(ग) क् + आ + ठ् + म् + आ + न् + अ + ड् + ऊ

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(ii) 'विस्तृत' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है- 1

(क) व् + इ + स् + त् + ऋ + त् + अ

(ख) इ + व् + अ + स् + त् + ऋ + त् + अ

(ग) व् + इ + स् + त् + र् + अ + त् + अ

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(iii) 'तरंग' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है- 1

(क) त् + र् + न् + ग् + अ

(ख) त् + अ + र् + अ + ङ् + ग् + अ

(ग) त् + र् + न् + ग् + आ

(घ) त् + इ + र् + न् + ग् + आ

(iv) 'चञ्चल' शब्द का मानक रूप है- 1

(क) चंचल (ख) चचलं

(ग) चचंल (घ) चचंल

6. (i) सही अनुनासिक शब्द का उदाहरण है- 1

(क) गांव (ख) गाँव

(ग) ग्राम (घ) गावँ

(ii) सही नुक्ता वाला शब्द छाँटिए- 1

(क) ज़ब्त (ख) जमा

(ग) जमान्ना (घ) जम्घट

(iii) 'स्वागत' शब्द में उपसर्ग होगा– 1

(क) स्व (ख) सु

(ग) स्वा (घ) गत

(iv) 'अभिव्यक्त' में मूल शब्द एवं उपसर्ग क्रमशः होगा– 1

(क) व्यक्त, अभि (ख) अभि, व्यक्त

(ग) अ, भिवक्त (घ) व्यक्तिभी, अ

7. (i) 'अच्छाई' में प्रत्यय है– 1

(क) ई (ख) आई

(ग) छाई (घ) अच्छा

(ii) 'उपयोगी' शब्द में मूल शब्द एवं प्रत्यय है– 1

(क) उपयोग, ई (ख) उप, योगी

(ग) उपाय, योगी (घ) योगी, ई

(iii) 'किसान' शब्द का पर्याय होगा– 1

(क) कृषि (ख) खेती

(ग) कृषक (घ) उपर्युक्त तीनों

(iv) 'पैर' शब्द का पर्यायवाची नहीं है– 1

(क) पग (ख) पद

(ग) डग (घ) तीनों पर्यायवाची हैं।

8. (i) 'लौकिक' शब्द का विलोम है– 1

(क) अलौकिक (ख) भौतिक

(ग) सांसारिक (घ) इनमें से कोई नहीं।

(ii) 'निर्दोष' शब्द का विलोम है– 1

(क) दोषी (ख) गुणी

(ग) कमी (घ) इनमें से कोई नहीं।

(iii) 'हर' शब्द का अनेकार्थक रूप है– 1

(क) शिव (ख) प्रत्येक

(ग) हरण (घ) उपर्युक्त तीनों

(iv) 'कल' शब्द का अनेकार्थक रूप नहीं है– 1

(क) मशीन (ख) चैन

(ग) बीता हुआ दिन (घ) अकल

9. (i) 'ढलती उम्र का' वाक्यांश के लिए एक शब्द है– 1

(क) अधड़ (ख) अधेड़

(ग) वयोवृद्ध (घ) युवा

(ii) 'धार्मिक' शब्द के लिए वाक्यांश है – 1

(क) धर्म में आस्था रखने वाला

(ख) ईश्वर में आस्था रखने वाला

(ग) धर्म में आस्था न रखने वाला

(घ) ईश्वर में आस्था न रखने वाला

(iii) चुनाव के समय प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंद्वी पर _____ पसंद करते हैं। वाक्य की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा है– 1

(क) कहर बरसाना

(ख) कीचड़ उछालना

(ग) परदा ड़ालना

(घ) छाप छोड़ना

(iv) 'धुन का पक्का होना' मुहावरे का अर्थ है– 1

(क) रूई धुनने में कुशल

(ख) गाने की धुन पर मुग्ध होना

(ग) मन लगाकर कार्य करना

(घ) बहुत दिनों तक एक ही स्थान पर रहना

खण्ड 'ग'

10. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – **5**

(क) रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय।
सुन अठिलै हैं लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय ॥
एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय ॥

(i) रहीम दुःख की स्थिति में क्या करने की सलाह देते हैं ? **1**

(क) अपने पड़ोसियों से बताने की

(ख) मित्रों से बताने की

(ग) सगे-संबंधियों से बताने की

(घ) दुःख को किसी से भी न बताने की

(ii) दुःख को मन में न छुपाने से क्या हो सकता है? **1**

(क) लोग सुनकर हँसी उड़ाएँगे।

(ख) दुःख को सुनकर उसे बाटेंगे नहीं।

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(iii) दूसरे दोहे का मूल भाव है- **1**

(क) एक व्यक्ति को पकड़ने से सबको पकड़ सकते हैं।

(ख) अनेक देवी-देवताओं की उपासना से अच्छा है परब्रह्म की उपासना करना।

(ग) सभी देवताओं की उपासना करनी चाहिए।

(घ) जड़ को ही सींचना चाहिए पत्तों को नहीं।

(iv) 'एकहि मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय' से कवि का आशय है – **1**

(क) पेड़ की जड़ पेड़ के सभी भागों को जल पहुँचाकर उन्हें तृप्त करती है।

(ख) मूली की जड़ को पानी देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह धरती में होती है।

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(v) पहले दोहे का मूल भाव है– 1

(क) अपने दुःखों को अपने मन में छुपा कर रखना चाहिए क्योंकि लोग सुनकर उसे बाँटने की अपेक्षा मजाक बनाएँगे।

(ख) दुःख बाँटने से मन हलका हो जाता है।

(ग) दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

अथवा

(ख) यां आदमी पै जान को वारे है आदमी,
और आदमी पै तेग को मारे है आदमी,
पगड़ी भी आदमी की उतारे है आदमी,
चिल्ला के आदमी को पुकारे है आदमी,
और सुनके दौड़ता है सो है वो भी आदमी ।।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में कितने प्रकार के आदमियों की चर्चा की गई है? 1

(क) चार (ख) पाँच

(ग) तीन (घ) एक

(ii) 'आदमी पै तेग को मारे है आदमी' से आशय है– 1

(क) आदमी ही आदमी का अभिमान मारता है।

(ख) आदमी ही आदमी का खून करता है।

(ग) आदमी ही आदमी का साथ देता है।

(घ) आदमी ही आदमी को पुकारता है।

(iii) आदमी के आज विविध रूप हैं क्योंकि– 1

(क) वह अपनी आदमियत को खो रहा है।

(ख) वह स्वार्थवश किसी के साथ अनर्थ करने से नहीं चूक रहा है।

(ग) दोनों कथन सत्य हैं।

(घ) उपर्युक्त दोनों कथन असत्य हैं।

(iv) आदमी का कौन सा गुण आदमियत का प्रमाण है? 1

(क) आदमी पर प्रहार करना। (ख) आदमी पर तलवार चलाना।

(ग) आदमी की इज़्जत उतारना। (घ) चीख सुनकर सहायता के लिए दौड़ पड़ना।

(v) 'पगड़ी उतारना' से आशय है– 1

(क) सिर की मालिश करना (ख) आराम करने के लिए तैयार होना

(ग) मान–सम्मान को ठेस पहुँचाना (घ) इनमें से कोई नहीं

11. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए- **2.5+2.5=5**

(क) डॉ.मीनू का सामान्य परिचय देते हुए स्पष्ट कीजिए कि उन्होंने पर्वतारोही दल को क्या जानकारी दी?

(ख) अखाड़े की मिट्टी की क्या विशेषता होती है?

(ग) कविता को विडंबना मानते हुए लेखक ने क्या कहा है?

(घ) लड़के को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या-क्या उपाय किए? संक्षेप में बताइए।

12. एवरेस्ट यात्रा में क्या-क्या तैयारियाँ करनी पड़ती है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

भगवान के समान बहुत से लोग अंध विश्वास के चलते मौत के मुँह में चले जाते हैं। इस कथन को ध्यान में रखते हुए अंध विश्वास को दूर करने के कुछ सुझाव दीजिए।

13. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के अढ़ाई मास बाद तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पन्द्रह-पन्द्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हमेशा सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र शोक से द्रवित हो उठे थे।

(i) लेखक किस महिला के दुःख की चर्चा करता है और क्यों? **2**

(ii) महिला पलंग से क्यों नहीं उठ सकी? **1**

(iii) पुत्र वियोग की मूर्छा खुलने पर क्या होता था? **1**

(iv) उपर्युक्त गद्यांश में क्या व्यंग्य निहित है? **1**

अथवा

जिसका बचपन गाँव के गलियारे की धूल में बीता हो, वह इस धूल के बिना किसी शिशु की कल्पना कर ही नहीं सकता। फूल के ऊपर जो रेणु उसका श्रृंगार बनती है, वही धूल शिशु के मुँह पर उसकी सहज पार्थिवता को निखार देती है। अभिजात वर्ग ने प्रसाधन-सामग्री में बड़े-बड़े आविष्कार किए लेकिन बालकृष्ण के मुँह पर छाई हुई वास्तविक गोधूलि की तुलना में वह सभी सामग्री क्या धूल नहीं हो गई?

(i) लेखक शिशु की धूल को प्रसाधन-सामग्री की अपेक्षा कैसा मानता है? **2**

(ii) 'अभिजात वर्ग' से क्या अभिप्राय है? **1**

(iii) बालकृष्ण के मुँह पर लगी गोधूलि किसे धूल में मिला देती है? **1**

(iv) 'क्या धूल नहीं हो गई?' वाक्यांश में धूल शब्द की व्यंजना को स्पष्ट कीजिए। **1**

14. (क) कवि रैदास, नामदेव, कबीर, त्रिलोचन और सधना की चर्चा क्यों करते हैं? 2

(ख) रहीम सागर की बड़ाई करने के पक्ष में क्यों नहीं है? 1

(ग) 'आदमीनामा' कविता को पढ़कर आपकी दृष्टि में आदमी का आधुनिक रूप कैसा प्रतीत होता है? 2

15. (क) गिल्लू को मुक्त क्यों और कैसे किया गया? 3

अथवा

(ख) लेखक की माँ ने घटना सुनकर लेखक को गोद में क्यों बिठा लिया? 'स्मृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

16. ज़िलाधिकारी ने लेखक को आलू की खेती के संदर्भ में क्या जानकारी दी? 2

खण्ड 'घ'

17. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद संकेत बिंदुओं के आधार पर दीजिए– 5

(क) आतंकवाद – एक विश्व व्यापी समस्या

– आतंकवाद से आशय

– कुछ आतंकवादी संगठन

– आतंकवाद का उद्देश्य

– सरकार का दायित्व

(ख) हिंदी – राष्ट्रभाषा के रूप में

– भारतीय संविधान में हिंदी की स्थिति

– राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा में अंतर

– दक्षिणी भारत की भूमिका

(ग) वन्य जीव संरक्षण

– वन्य जीव जंतुओं का परिचय

– कुछ प्रजातियों को ख़तरा

– शिकारी पर शिकंजा

– प्रकृति संतुलन

18. 'प्राणायाम' करने की प्रेरणा देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

'वृक्षारोपण' हेतु निकलने वाली रैली में सम्मिलित होने के लिए मित्र को एक पत्र लिखिए।

- o O o -